<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–10 जुलाई 2025</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- नामीबिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, ऑर्डर ऑफ द मोस्ट एनशिएंट वेल्वित्चिया मिराबिलिस से सम्मानित हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कहा–बहुत पुरानी है भारत और नामीबिया की मित्रता, और भी बढ़ाएंगे साझेंदारी।
- एक पेड़ मां के नाम अभियान के दूसरे चरण में प्रदेश में आयोजित पौधारोपण महाभियान में लगाए गए सैंतीस करोड़ से अधिक पौधे, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा–प्रदेश में पांच लाख एकड़ तक बढ़ा है हरित क्षेत्र।
- कल से शुरू हो रहे श्रावण माह के लिए शिवालयों में पूरी की जा रही हैं तैयारियां, वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम में पूरे माह बंद रहेगा स्पर्श दर्शन और वीआईपी दर्शन।
- प्रदेश में गुरु पूर्णिमा पर्व पर किए जा रहे हैं विविध आयोजन, मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी बधाई।

**********

द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में योगदान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कल नामीबिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, ऑर्डर ऑफ द मोस्ट एनशिएंट वेल्वित्चिया मिराबिलिस से सम्मानित किया गया है। यह प्रधानमंत्री मोदी का 27वां और उनके वर्तमान दौरे पर प्राप्त चौथा सम्मान है। श्री मोदी ने नामीबिया की सरकार और लोगों का आभार व्यक्त किया।

**राष्ट्रपति जी द्वारा नामीबिया के सर्वोच्च राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया जाना मेरे लिए अत्यंत गर्व और सम्मान की बात है। मैं राष्ट्रपति जी का, नामीबिया की सरकार और नामीबिया के लोगों का ह्रदय से आभार प्रकट करता हूँ। मैं इस सम्मान को एक सौ 40 करोड़ भारतीयों की ओर से विनम्रता के साथ स्वीकार करता हूँ।**

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और नामीबिया की मित्रता बहुत पुरानी है।

**भारत और नामीबिया अपने स्वतंत्रता संग्राम के समय से एक दूसरे के साथ खड़े रहे। हमारे मित्रता राजनीति से नहीं बल्कि संघर्ष, सहयोग और आपसी विश्वास से जन्मी है। साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और उज्जवल भविष्य के साझा सपनों ने इसे सींचा है। भविष्य में भी हम एक दूसरे का हाथ थामे विकास पथ पर साथ–साथ आगे बढ़ते रहेंगे।**

श्री मोदी ने कहा कि भविष्य में दोनों देशों की साझेदारी और बढ़ेगी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कल अयोध्या में पौधा लगाकर प्रदेश में पौधरोपण महाअभियान दो हजार पचीस का शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत प्रदेश भर में कल लगभग सैंतीस करोड़ से अधिक पौधे लगाकर कीर्तिमान स्थापित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में प्रदेश में लगभग दो सौ चार करोड़ पौधारोपण किया गया है। इसके परिणाम स्वरूप राज्य में हरित क्षेत्र करीब पांच लाख एकड़ तक बढ़ा है।

**मुझे प्रसन्नता है कि न केवल हम पर्यावरण को बचाने में और वन आच्छादन करने में सफल हुए है नौ से दस फीसदी करने में सफल हुए है इससे प्रदेश के अंदर हम लोगों ने प्रधानमंत्री जी के विजन को तो आगे बढ़ाने में सफलता प्राप्त की ही है साथ–साथ प्रदेश के अंदर अन्नदाता किसानों की आमदनी को बढ़ाने में भी हमने सफलता प्राप्त की है।**

मुख्यमंत्री ने आजमगढ़ और गोरखपुर में भी वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने बदायूं में पौधा लगाया। प्रदेश सरकार के मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों ने सभी पचहत्तर जिलों में पौधरोपण किया। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लखनऊ के सुगामऊ वन क्षेत्र में पौधारोपण कार्यक्रम में हिस्सा लिया वहीं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मेरठ के सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय में पौधारोपण किया।

**********

नीति आयोग ने देश भर के एक सौ बारह आकांक्षी जिलों की डेल्टा रैंकिंग में फतेहपुर जिले को शिक्षा के क्षेत्र में सुधारात्मक कार्य के लिए दूसरा और कृषि एवं जल संसाधन के क्षेत्र में चौथा स्थान दिया है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जिले को दस करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि मिली है। फतेहपुर के जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने बताया कि इस धनराशि का इस्तेमाल कर के जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि जैसे क्षेत्रों में सुधार के लिए कदम उठाए जाएंगे।

**********

उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग की समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी भर्ती दो हजार तेइस की प्रारंभिक परीक्षा सताइस जुलाई को प्रदेश के सभी पचहत्तर जनपदों में होगी। आयोग परीक्षा से दस दिन पहले प्रवेश पत्र जारी करेगा।

**********

लखनऊ विकास प्राधिकरण अनंत नगर योजना के आदर्श खंड के तीन सौ बत्तीस भूखंडों के लिये कल से दस अगस्त तक ऑनलाइन पंजीकरण किया जायेगा। आवेदन करने के लिये रजिस्ट्रेशन डॉट एलडीए लखनऊ डॉट इन वेबसाइट पर लॉग इन करके

पंजीकरण पुस्तिका खरीदनी होगी। प्राधिकरण उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि भूखंडों का आवंटन लाटरी के माध्यम से किया जायेगा।

**********

कल से शुरू हो रहे श्रावण माह के लिए प्रदेश भर के शिवालयों में तैयारियां पूरी की जा रही हैं। साथ ही कांवड यात्रा को लेकर भी समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।एक रिपोर्ट–

**कांवड़ यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने रूट डायवर्जन प्लान जारी कर दिया है। इसके अनुसार कांवड़ यात्रा मार्ग के अंतर्गत आने वाले मुजफ्फरनगर नगर, गाजियाबाद, सहारनपुर, मेरठ, हापुड़, समेत विभिन्न जिलों में भारी और कमर्शियल वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। वहीं खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन ने कांवड़ यात्रियों की सुविधा के लिए खाने–पीने की दुकानों पर क्यूआर–कोड लगाने का प्रावधान किया है। इन क्यूआर–स्टिकर कोड को स्कैन कर के कांवड़ यात्री भोजनालय या दुकान का लाइसेंस नंबर, मालिक का नाम, जगह और मेनू डिटेल समेत अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल कर सकेंगे। आकाशवाणी समाचार कक्ष से शैलेंद्र शर्मा।**

वाराणसी जिले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये श्री काशी विश्वनाथ धाम में भी विशेष इंतजाम किये जा रहे हैं। श्री काशी विश्वनाथ धाम मंदिर न्यास के कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि सावन माह के दौरान स्पर्श दर्शन पूरी तरह बंद रहेगा। साथ ही वीआईपी दर्शन पर भी रोक रहेगी। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि न्यास की ओर से जारी की गई एडवायजरी को ध्यान में रख कर ही भक्त दर्शन करने के लिए आएं।

**********

गुरु के प्रति शिष्य के त्याग और समर्पण के प्रतीक गुरु पूर्णिमा पर्व पर आज प्रदेश भर में विविध आयोजन किए जा रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि गुरु की कृपा से ही शिष्य अज्ञान से आत्मबोध और अंधकार से प्रकाश की ओर अग्रसर होता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरक्षपीठाधीश्वर के रूप में गुरु पूर्णिमा पर गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में आज आयोजित समारोह में शामिल होंगे। श्री योगी आज  गुरु और शिष्य दोनों भूमिकाओं का निर्वहन करेंगे।

प्रयागराज जिले में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भगवान आदि शंकराचार्य की मूर्ति की पूजा की जाएगी। इसी मंदिर परिसर में नवनिर्मित श्रीरामलला मंदिर में गुरु पादुका पूजन का भी आयोजन होगा। वाराणसी जिले के पड़ाव स्थित श्री सर्वेश्वरी समूह में भी गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विशेष आयोजन किया जा रहा है।

**********

प्रदेश की महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कल अलीगढ़ जिले का दौरा किया। वहां उन्होंने सर्किट हाउस में विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बच्चों व महिलाओं के कल्याण एवं स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाओं का लाभ पूरी ईमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ पात्र लोगों तक पहुंचाया जाए। साथ ही लाभार्थीपरक योजनाओं में लंबित आवेदनों का जल्द से जल्द सत्यापन किया जाए, ताकि जरूरतमंदों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंच सके।

**********

प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कल  कृषि विज्ञान केंद्र बस्ती का भ्रमण किया। उन्होंने केंद्र के अधिकारियों, वैज्ञानिकों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर के आगामी कार्ययोजना की समीक्षा भी की।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने आज और कल पूर्वी उत्तर प्रदेश में, जबकि तेरह जुलाई तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं कहीं भारी वर्षा और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। इस बीच, प्रदेश की नई नदियों का जल स्तर बढ़ने का सिलसिला जारी है। उत्तराखंड में हो रही बरसात और बनबसा बैराज से लगातार पानी छोड़े जाने के कारण पीलीभीत में शारदा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। वहां जिला प्रशासन ने सभी बाढ़ चौकियों को सतर्क कर दिया है।

**********